आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण में आजमगढ़ पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर

चर्चा में क्यों

24 दिसंबर, 2023 को उत्तर प्रदेश मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शिकायत निवारण प्रणाली यानी आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण के संबंध में जारी मासिक रैंकिंग में आजमगढ़ पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर है।

प्रमुख बिंदु

- **जानकारी के अनुसार आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण में मुख्यमंत्री कार्यालय लोकभवन द्वारा माह नवंबर की मासिक रैंकिंग जारी की गई है। इसमें पूरे प्रदेश में आजमगढ़ ने प्रथम स्थान तथा थानावार रैंकिंग में जनपद आजमगढ़ के समस्त थानों (26 थानों) ने शत प्रतिशत अंक प्राप्त किया है।**
- विदित हो कि शासन के निर्देशानुसार, जनपद के प्रत्येक थानों द्वारा आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा रहा है।
- शासन स्तर से जो रैंकिंग जारी की गई है, उसमें नगर कोतवाली को पहला स्थान प्राप्त हुआ है, जबकि सिधारी थाने को दूसरा और रानी की सराय थाने को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। इन थानों ने 90 अंकों में से शत-प्रतिशत अंक हासिल किए।
- रैंकिंग में कंधरापुर को चौथा, मुबारकपुर को पांचवा, जहानागंज को छठवां, गंभीरपुर को सातवां, निजामाबाद को आठवां, देवगांव को नौंवा और बरदह थाने को 10वां स्थान मिला है। महिला थाने को सबसे अंतिम पायदान 26वां स्थान हासिल हुआ है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/azamgarh-ranks-first-in-the-entire-state-in-disposal-of-public-complaints-received-on-igrs-portal